

# रिपोर्ट टाइम्स मीडिया

शेखावाटी का सबसे विश्वसनीय डिजिटल ई पेपर

**सुविचार -**

तरक्कियों की दौड़ में उसी का जोर चल गया, बना के रास्ता जो भीड़ से निकल गया। खुद पर भरोसा रखकर बढ़ाएं कदम, सफलता साथ चलेगी चूमेगी कदम

सोमवार, 01 सितंबर, भाद्रपद शुक्लपक्ष नवमी | वर्ष - 07 | अंक 21 | पृष्ठ 02 | reporttimes.in@gmail.com | UAN : RJ21D0011677 | www.reporttimes.in





## टिशू पेपर गणपति...

पूजा शशांक निर्मल, विशेष संवाददाता, मुंबई। महानगर के मलाड में इस बार स्पेशल गणपति आए है। ये गणपति मूर्ति पूरी तरह से टिशू पेपर से बनाई गई है। इसी कारण इसे टिशू गणपति के नाम से जानते हैं।



# भारी बारिश की चेतावनी के चलते सोमवार को स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में रहेगा अवकाश

## मौसम विभाग ने जारी किया है अलर्ट

संजय दाधीच, ब्यूरो हेड. रिपोर्ट टाइम्स. झुंझुनूं। मौसम विभाग द्वारा जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी किए जाने के बाद, छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए झुंझुनू जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। जिला कलेक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. अरुण गर्ग ने आदेश जारी कर 1 सितंबर 2025 (सोमवार) को जिले के सभी सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में छुट्टी की घोषणा की है। यह अवकाश कक्षा प्री-प्राइमरी से लेकर 12वी तक के सभी छात्रों के लिए रहेगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह छुट्टी केवल छात्रों के लिए है, जबकि स्कूल स्टाफ और आंगनवाड़ी केंद्रों में कार्यरत कर्मचारियों को नियमानुसार अपने कार्यस्थल पर उपस्थित रहना होगा। जिला कलेक्टर ने सभी संस्था प्रधानों को इस आदेश का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। आदेश में यह भी कहा गया है कि यदि कोई शिक्षण संस्थान इस आदेश की अवहेलना करता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के प्रावधानों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह कदम छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए उठाया गया है।




# विधानसभा में धर्म परिवर्तन पर संशोधित विधेयक लाएगी सरकार, कैबिनेट बैठक में लगी मुहर

## कैबिनेट और मंत्रीपरिषद की बैठक में लिया गया बड़ा फैसला

रिपोर्ट टाइम्स. जयपुर। राजस्थान विधानसभा के आगामी मानसून सत्र में सरकार धर्म परिवर्तन पर संशोधित विधेयक पेश करेगी। जिसमें जबरन धर्म परिवर्तन करवाने पर कड़ी सजा और भारी भरकम जुर्माने का प्रावधान किया जाएगा. इस पर आज रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट और मंत्रीपरिषद की बैठक में मुहर लगाई गई है। इसके साथ ही सीवरेज एवं अपशिष्ट जल नीति-2016 में भी संशोधन को भी कैबिनेट बैठक में मंजूरी दी गई है। बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा, कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल और सुमित गोदारा ने प्रेस वार्ता में बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि प्रलोभन अथवा कपटपूर्वक धर्मांतरण के प्रयासों को रोकने के लिए राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक-2025 विधानसभा में लाया जाएगा उन्होंने कहा कि अभी राज्य में अवैध रूप से धर्मांतरण को रोकने के संबंध में कोई विशिष्ट कानून नहीं है। इसलिए राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक-2025 को पिछले सत्र में विधानसभा में लाया गया था। अब इस विधेयक को वापस लेकर इसमें और कठोर प्रावधान करते हुए राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक-2025 का नया प्रारूप विधानसभा के आगामी सत्र में पेश किया जाएगा। मंत्रिमण्डल की बैठक में इस विधेयक के नये प्रारूप का अनुमोदन किया गया। उन्होंने बताया कि इस विधेयक के कानून बनने के बाद कोई व्यक्ति या संस्था, किसी व्यक्ति पर मिथ्या निरूपण, कपटपूर्वक, बलपूर्वक, अनुचित प्रभाव आदि का प्रयोग कर धर्म परिवर्तन नहीं करवा सकेंगे। अगर कोई व्यक्ति अथवा संस्था ऐसा करते हैं, तो उन्हें कठोर दंड दिया जाएगा। अगर कोई व्यक्ति केवल विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन कराने के उद्देश्य से विवाह करता है, तो ऐसा विवाह शून्य होगा। इस विधि में अपराध गैर-जमानती व संज्ञेय होंगे। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित विधेयक में मूल पैतृक धर्म में वापसी को धर्म परिवर्तन की परिभाषा में सम्मिलित नहीं किया गया है।

# चीनी राष्ट्रपति ने मोदी का गर्मजोशी से किया स्वागत



*SCO शिखर सम्मेलन में भारत के अलावा, बेलारूस, चीन, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज़्बेकिस्तान भी इसमें शामिल हुए*

एजेंसी. नई दिल्ली / तियानजिन । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को चीन के तियानजिन में SCO की बैठक के इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक की। करीब 40 मिनट हुई बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें बहाल हो रही है। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच सीमा विवाद को सुलझाने में प्रगति हुई है। मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू हुई है। जो कोविड संबंधी प्रतिबंधों के कारण पांच साल से रुकी हुई थी। वहीं, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि आज दुनिया सदी में एक बार होने वाले बदलावों से गुजर रही है। ऐसे में दोनों पक्षों को अपने संबंधों को रणनीतिक ऊंचाई और लॉन्गटर्म दृष्टिकोण से देखना और संभालना होगा। हमें एशिया और दुनियाभर में शांति और समृद्धि में अपना सच्चा योगदान देने की अपनी ऐतिहासिक जिम्मेदारी को भी निभाना होगा। बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 2026 में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को आमंत्रित किया। इस संबंध में विदेश मंत्रालय की एक प्रेस रिलीज के अनुसार चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने निमंत्रण के लिए प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद किया और भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के लिए चीन के समर्थन की पेशकश की। इससे पहले जिनपिंग से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के राष्ट्राध्यक्षों/शासनाध्यक्षों के आधिकारिक स्वागत समारोह में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।




# रात में हुई तेज बारिश से किसान चिंतित

## ज्यादा बारिश से बाजरा और मूंग की फसल में खराबे का अंदेशा

कमलकांत पुजारी, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा।
चिड़ावा शहर और आसपास के इलाकों में दोपहर बाद से देर रात तक बारिश का दौर जारी रहा। अचानक ठंडी हवाओं के साथ शुरू हुए बारिश के दौर में राहगीरों ने भागकर बारिश से बचने का जतन किया। वहीं अभी भी कभी तेज तो कभी धीमी बारिश का दौर जारी है। इस दौरान चिड़ावा शहर, अडूका, डालमिया की ढाणी, ब्राह्मणों की ढाणी, लाखू, श्योपुरा, ओजटू, नूनिया गोठड़ा, लाम्बा गोठड़ा, बख्तावरपुरा, हीरवा, डांगर सहित आसपास के कई गांवों में भी अच्छी बारिश हुई है। हालांकि कृषि विशेषज्ञों की माने तो अब हो रही बारिश अधिक बारिश की श्रेणी में है। इससे फसलों में खराबे की संभावना बढ़ गई है। जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है।
कृषि विशेषज्ञ कृष्ण कुमार रतेरवाल ने बताया कि बारिश से बाजरा खराब होने के साथ ही मूंग की फसल को भी नुकसान हो रहा है। हालांकि ग्वार की फसल को अभी भी फायदा है।

# देशभर की 132 प्रतिभाओं को मिलेगा गांधी रत्न सम्मान, होशियार सिंह, देवेंद्र और जीवनी भी होंगे सम्मानित

योगेश शर्मा, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। परमहंस दिव्यांग सेवा समिति के अध्यक्ष होशियार सिंह भोमपुरा, राष्ट्रीय खिलाड़ी देवेन्द्र सिंह और जीवनी देवी को गांधी सेवा रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। आदर्श समाज समिति इंडिया द्वारा बजरंग लाल गांधी स्मृति दिवस 1 सितम्बर 2025 को राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह "गांधी सेवा रत्न अवार्ड" रानी बाग होटल सूरजगढ़ में देश की लगभग 132 प्रतिभाओं को दिया जाएगा।



# अडूका गांव में खूनी संघर्ष

## लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला

रोहित कुमार, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा।
थाना क्षेत्र के अडूका गांव में रविवार को खूनी संघर्ष हो गया। दो पक्षों में लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला हुआ, जिसमें एक ही परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव फैल गया और पीड़ित परिवार ने पुलिस से सख्त कार्रवाई व सुरक्षा की मांग की है। राजबाला मेघवाल ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 31 अगस्त की सुबह करीब 11:15 बजे वह अपने पति मदनलाल और भतीजे मयंक के साथ खेत में पशुओं के लिए चारा काट रही थीं। उसी दौरान पड़ोसी सुरेश कुमार, बलवीर, सज्जन मेघवाल और उसका पुत्र विनीत उर्फ कुरडाराम वहां पहुंचे और अचानक हमला कर दिया। पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपियों ने बिना किसी उकसावे के लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला किया। हमले में राजबाला, मदनलाल और मयंक बुरी तरह घायल हो गए। इस दौरान बीच-बचाव करने आए अन्य परिजनों से गाली-गलौज की गई। घायल राजबाला ने पुलिस थाने में लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही परिवार को सुरक्षा देने की भी अपील की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।



# चिड़ावा में गणेश महोत्सव में उल्लास

## झांकियों और नृत्यों से मोह लिया मन

आकाश वर्मा, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। चिड़ावा के वार्ड नंबर 35 में स्थित कृष्णा गौशाला के पास, सिद्धि विनायक मित्र मंडल की ओर से आयोजित गणेश महोत्सव में शनिवार को बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें गणेश से जुड़ी झांकियां और मनमोहक नृत्य शामिल थे। पंडाल में मौजूद सभी भक्तों ने बच्चों की कला की खूब सराहना की और तालियों से उनका उत्साह बढ़ाया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मंडल के सदस्यों ने बताया कि 1 सितंबर को राजस्थानी नृत्य नाटिका का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कलाकार पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में एकल और सामूहिक नृत्य प्रस्तुत करेंगे, जो राजस्थान की समृद्ध कला और संस्कृति को दर्शाएगा। मंडल के सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं से इन कार्यक्रमों में शामिल होने का आग्रह किया है।


# प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर हुई बैठक



रोहित कुमार, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। डॉ.बीआर अंबेडकर शिक्षा समिति ने प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया है। समिति के संरक्षक रोहिताश मेहरानिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में कुलदीप भगत, मंगेश भगत, शिवप्रसाद महरिया, घीसाराम कबीर और जगदीशप्रसाद महरानिया ने भाग लिया।

# राधा अष्टमी के अवसर पर कार्यक्रम

## श्री हरिनाम प्रभात फेरी की ओर से आयोजन



कमलकांत पुजारी. रिपोर्ट टाइम्स, चिड़ावा

चिड़ावा: श्री हरिनाम प्रभात फेरी, चिड़ावा, ने राधा अष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया। प्रभात फेरी का मुख्य आकर्षण पालकी में विराजमान राधा रानी थीं। लाडली राधे को पालकी में बिठाकर पूरे नगर में भ्रमण कराया गया, जहाँ जगह-जगह भक्तों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। पालकी को अपने कंधे पर लेकर चलने के लिए भक्तों में होड़ मची रही। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया। भक्तिमय गीतों और जयकारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। प्रभात फेरी का समापन कल्याण प्रभु मंदिर प्रांगण में हुआ, जहाँ बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में झंडी प्रसाद, हुक्मीचंद लाम्बीवाला, देवानंद चौधरी, महंत प्रदीप पुजारी, कैलाश सैनी, राजकुमार जिसपाल, अजय चौमाल, सुभाष पंवार, मुकेश ककरानिया, मुकेश सोलंकी, रामजीलाल चेजारा, अशोक तंवर, मुकेश सोलंकी, सुमित जसपाल, अमित आशीष जिंदल, पवन पांडे, रामा किशन केडिया, मूलचंद नहरड़िया, अजय सैनी, अमित वर्मा, सुशील शर्मा, शंकर सोनी, रमेश कोतवाल, महेश धन्ना, शुभकरण बजाज, मुन्ना तामदायत, महेंद्र जोगी, सत्य नारायण जी भार्गव, विनोद सैनी और ओमप्रकाश जालिंद्रा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।



# लोहिया स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी

## ज्ञान विज्ञान में कला का अद्भुत संगम,अभिभावक अभिभूत

शुभम शर्मा, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा।
लोहिया पब्लिक स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी केवल एक औपचारिकता नहीं रही बल्कि बच्चों की प्रतिभा आत्मविश्वास और नवाचार का अद्भुत संगम बन गई ।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ ।जिसे स्कूल के निर्देशक राम सिंह नेहरा ,जगपाल यादव एवं अभय सिंह बडेसरा ने संपन्न किया। पूरे वातावरण में ज्ञान संस्कार और नव ऊर्जा का संचार हो उठा। प्रदर्शन का सबसे बड़ा आकर्षण रहा टिकर ट्विटर टीम सर्वेश, रवि धनंजय व रोहित के निर्देशन में बनाए गए अटल लैब के इनोटिव प्रोजेक्ट छात्राओं ने अपने प्रयासों से ऐसे मॉडल बनाए जिन्हें देखकर हर कोई अचंभित हो गया।

स्मार्ट लॉक विद पासवर्ड लक्ष्य एवं उषा ,स्मार्ट स्ट्रीट लाइट लक्ष्य एवं मनीष, स्मार्ट सोलर प्लेट अमन एवं आरव, रडार सिस्टम कार्तिकेय मयंक ,रोबोटिक आमृ नव्या एवं शिवालिक, रोबोटिक डॉग नव्या एवं यशु तथा ऑब्जेक्ट डिटेक्शन रोबोट प्रिंसी माही एवं तन्वी ने बच्चों की कल्पना शक्ति और तकनीकी समाज का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया।

सिर्फ इतना ही नहीं अबेकस प्रदर्शन ने भी सबका दिल जीत लिया बच्चों ने अद्भुत मैथ्स ट्रिक्स दिखाकर यह प्रमाणित किया की गणित अब डर का विषय नहीं बल्कि खेल और कला का संगम है ।लेवल वन में नारवी और सानवी, लेवल 2 में सान्वी और अंशुका ,लेवल 3 में सौम्या और अमायर तथा लेवल 4 में रजत और यश ने शानदार प्रदर्शन किया। इस सफलता का श्रेय उनकी प्रशिक्षिका उषा तंवर को जाता है। इस आयोजन की सबसे विशेष बात रही कि बच्चों ने पूरे कार्यक्रम को स्वयं संभाल रिसेप्शन पर स्वागत ,पेरेंट्स को एस्कॉर्ट करवाना, इंटरव्यू लेना और अपने इंग्लिश स्पोकन स्किल के जरिए आत्मविश्वास का परिचय कराया। कार्यक्रम ने एक और अनोखा पहलू रहा। कक्षा नवी से 11वीं के विद्यार्थियों को लाइव रिपोर्टिंग की विशेष ट्रेनिंग दी गई ।जिसके बाद 9 व 11वीं के छात्रों ने कार्यक्रम की रिपोर्टिंग का दायित्व संभाला। बंटी और मोनिका ने अपने शानदार और प्रभावशाली रिपोर्टिंग से सबका दिल जीत लिया तथा साबित किया कि लोहिया पब्लिक स्कूल केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि बच्चों को मीडिया और कम्युनिकेशन की कला में भी निखार रहा है ।नीतूका व टीम के नेतृत्व में गणित व साइंस के मॉडल भी आकर्षण का केंद्र रहे। प्रधानाचार्या प्रमोदिनी दुबे, प्रधानाचार्य प्रमिला झाझडिया ,चेयर पर्सन ममता नेहरा सचिव प्रदीप नेहरा ने प्रतिभागी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।अंत में कार्यक्रम का आयोजन में प्रभारी विशाल शर्मा ,काजल शर्मा ,माया जांगिड़ ,विभाग गुप्ता, कविता कुमावत, सिमरन कविया ,सीमा शर्मा में समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।